**धोखाधड़ी** | कोयला और रेत का ठेका दिलाने के नाम पर फर्जी दस्तावेज बनाकर दिया धोखा, 1 गिरफ्तार

# पेट्रोल पंप संचालक से 1 .59 करोड़ की ठगी

**अनूपपुर, नवभारत।** मोजर वेयर जैतहरी में रेत सप्लाई का टेंडर दिलाने के नाम पर कुट रचित दस्तावेज बनाकर मरवाही के पेट्रोल पंप संचालक के साथ 1.59 करोड़ रुपये की ठगी की गई। पुलिस ने इस मामले में कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

जानकारी के अनुसार अमित फ्यूल्स पेट्रोल पंप के संचालक अमित कुमार गुप्ता निवासी मरवाही से 1 करोड़ 59 लाख 60 हजार रूपयें की ठगी करने के मामले में मरवाही पुलिस ने चार आरोपियों की पहचान की है। इनमें नरेन्द्र कुमार शर्मा उर्फ कार्तिक, संतोष सिंह, अरविंद विश्वकर्मा उर्फ चोगले, विकास सिंह शामिल है। इनके खिलाफ मामला दर्ज करते हुए आरोपी नरेन्द्र कुमार शर्मा को गिरफ्तार कर अन्य की तलाश की जा रही है।



### आरोपियों ने पहले बढ़ाई पहचान

जानकारी के अनुसार आरोपी नरेन्द्र सिंह एवं संतोष सिंह जुलाई 2024 में नरेन्द्र शर्मा के पेट्रोल पंप पर नियमित आने-जाने लगे और पहचान बढ़ाई। इसके बाद उसने संतोष सिंह (गंगा पेट्रोल पंप संचालक जैतहरी) और अरविंद विश्वकर्मा उर्फ चोगले से मिलवाया। सभी आरोपियों ने अमित गुप्ता को भरोसा दिलाया कि मोजर वेयर पावर प्लांट जैतहरी में रेत सप्लाई का बड़ा ठेका (कॉन्ट्रैक्ट) है, जिसे दिलाने में वे मदद करेंगे।

### फर्जी परचेस ऑर्डर तैयार किया

इसके बाद सभी आरोपियों ने फरियादी अमित कुमार गुप्ता से आधार, पैन, बैंक डिटेल्स और फोटो लेकर उनके नाम पर फर्जी परचेस ऑर्डर तैयार किया गया। इसके बाद रेत सप्लाई, रॉयल्टी और ट्रांसपोर्टेशन के नाम पर अलग-अलग तारीखों में पीड़ित से 1.59 करोड़ रुपये से अधिक की रकम वसूली गई।

### फर्जी चेक और नकली टीपी भी दिए

फरियादी अमित कुमार गुप्ता के अनुसार भुगतान के दबाव पर आरोपियों ने गारंटी के रूप में करोड़ों रुपये के कई चेक दिए, लेकिन सभी चेक बाउंस हो गए। इतना ही नहीं आरोपियों ने झूठे ट्रांसपोर्ट परमिट और रॉयल्टी पर्चियां व्हाट्सएप पर भेजकर यह दिखाया कि रेत की सप्लाई शुरू हो गई है।

### 2019 में भी की थी 56 लाख की धोखाधड़ी

इसी तरह से वर्ष 2019 में नरेन्द्र कुमार शर्मा एवं संतोष सिंह ने अनूपपुर निवासी कमलेश द्विवेदी के साथ परसा कोल कोल माइंस अडानी उदयपुर अंबिकापुर से एक हजार रूपये टन के हिसाब से कोयला के डीलर के रूप में चार हजार टन कोयला देना, जिसमें कुल 40 लाख तथा कोयला ट्रांसपोर्ट का भाड़ा 910 रूपये प्रति टन के हिसाब से 36 लाख 40 हजार रूपये बताकर डीओ लेटर एवं कोयला उपलब्ध कराये जाने का झांसा देकर बैंक एवं नगदी के माध्यम से लगभग 56 लाख रूपये हड़पकर धोखाधड़ी की गई थी।

### कंपनी कार्यालय पहुंचे तब हुआ सच्चाई का खुलासा

जब लंबे समय तक भुगतान नहीं हुआ, तब अमित गुप्ता ने खुद कंपनी कार्यालय में जाकर जानकारी ली। वहां से पता चला कि उनके नाम से कभी भी कोई टेंडर या परचेस ऑर्डर जारी ही नहीं हुआ था और न ही उनके नाम से किसी भी तरह की रेत सप्लाई की गई। इसके बाद पीड़ित ने थाना मरवाही में अपने साथ हुई धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई।



## 101 मरीजों के नेत्रों की जांच

▸ भलमुडी स्वास्थ्य केंद्र में नेत्र शिविर आयोजित

**राजनगर, नवभारत 25 सितंबर।** नगर परिषद बनगांव वार्ड क्रमांक 15 स्थित भलमुडी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भारतीय जनता पार्टी मंडल राजनगर के तत्वावधान में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मेडिकल ऑफिसर डॉ. सतीश शर्मा, बीएमओ डॉ. दीवान, डॉ. आलोक सुखसागर, रिचा सिंह, मधु सिंह सहित मेडिकल कॉलेज राजनगर की स्वास्थ्यकर्मी टीम ने मरीजों का नेत्र परीक्षण किया।कार्यक्रम में नगर परिषद बनगवां एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। डॉक्टरों की टीम ने सभी मरीजों का बारी-बारी से परीक्षण किया। इस दौरान मोतियाबिंद एवं अन्य नेत्र संबंधी रोगियों की पहचान की गई। जिन मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया, उनके लिए कैंप समाप्ति के बाद जबलपुर ले जाकर सफल ऑपरेशन की व्यवस्था की गई है। शिविर में कुल 101 मरीजों का पंजीयन किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर भाजपा बनगांव अध्यक्ष यशवंत सिंह, वरिष्ठ नेता प्रेमचंद यादव, पिछड़ा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, सचिन द्विवेदी, गिरिजा विश्वकर्मा, पार्षद पति बृजेश कुशवाहा, जितेंद्र पनिका, राजकुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीयजन उपस्थित रहे। शिविर को सफल बनाने में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त स्टाफ तथा सागर से आए नेत्र विशेषज्ञ पवन कुमार यादव एवं उनकी टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## एक नजर में



### गौमांस बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग

**वीएचपी ने मुख्यमंत्री के नाम अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

**अनूपपुर, नवभारत 25 सितंबर।** जिले में गुरुवार को विश्व हिन्दू परिषद् ने मप्र सरकार द्वारा गौमांस को करमुक्त घोषित करने की राजपत्रित अधिसूचना का विरोध करते हुए 8 सूत्रीय ज्ञापन कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम सौंपा। ज्ञापन अपर कलेक्टर दिलीप पांडेय को प्रदान किया गया। विश्व हिन्दू परिषद् ने कहा कि 18 सितंबर को जारी यह अधिसूचना न केवल मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिबंध अधिनियम के खिलाफ है, बल्कि यह समाज में गहरी असंतोष और अशांति फैलाने वाला भी है। गौमांस पर करमुक्ति देना गौहत्या को बढ़ावा देने जैसा है, जबकि राज्य सरकार गौ संरक्षण वर्ष मना रही है, यह कदम उसकी नीतियों और हिन्दू समाज की आस्थाओं के खिलाफ है।

**अधिसूचना को तत्काल निरस्त किया जाए**-ज्ञापन में विश्व हिन्दू परिषद ने मांग की है कि गौमांस करमुक्ति संबंधी अधिसूचना को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए, मध्यप्रदेश गौ संरक्षण अधिनियम के तहत गौमांस एवं उसकी संतति के मांस पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए, अवैध कसाईखानों पर कठोर कार्यवाही की जाए, मांस बाजारों में रैंडम सैंपल परीक्षण कर गौमांस की मिलावट और विक्रय पर रोक लगाई जाए आदि मांगें की गई हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान विश्व हिन्दू परिषद के रवि शंकर शर्मा, भूपेंद्र सिंह, पंकज मिश्रा, राजीव गर्ग, टुन्ना नायक, सुमन आनन्द सिंह, गौरव पांडे और अजय सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

### पुलिस ने अपराधों से दूर रहने की दी हिदायत

**अनूपपुर, नवभारत 25 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम तथा एसडीओपी सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस ने गुरुवार सुबह सूचीबद्ध निगरानीशुदा एवं गुण्डा बदमाशों की परेड कराई। नवरात्रि पर्व, दुर्गा विसर्जन और दशहरा के अवसर पर नगर की शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से थाना क्षेत्र के चिन्हित बदमाशों को कोतवाली लाकर अपराधों से दूरी बनाने की हिदायत दी गई। कोतवाली निरीक्षक अरविन्द जैन के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान संग पटेल, आशीष केवट, विवेक गुप्ता उर्फ सिंकू कबाड़ी, मुन्नू सोनी उर्फ ध्रुव नारायण सोनी, संतोष पटेल, लहरू कोल एवं रोहित उर्फ कुड्डुटी को पूछताछ एवं चेकिंग के लिए थाना लाया गया।



## गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा सुनिश्चित होगी : परस्ते

▸ मिशन नींव कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ

**अनूपपुर, नवभारत 25 सितंबर।** जिले में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा (ईसीई) को मजबूत बनाने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग एवं रॉकेट लर्निंग फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से मिशन नींव कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्ट्रेट स्थित सोन सभागार में किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग विनोद परस्ते एवं सहायक संचालक मंजूषा शर्मा ने कार्यक्रम से जुड़े पहलुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। श्री परस्ते ने बताया कि मिशन नींव से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा सुनिश्चित होगी। इसके अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को व्हाट्सएप एवं ऑफलाइन माध्यम से शिक्षण गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जो शाला पूर्व शिक्षा को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि रॉकेट लर्निंग फाउंडेशन द्वारा तैयार की गई डिजिटल व ऑफलाइन गतिविधियाँ बच्चों की समझ बढ़ाने के साथ-साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को तकनीकी शिक्षा से भी जोड़ेगी।

### अधिकारियों व पर्यवेक्षकों को दिया प्रशिक्षण

कार्यक्रम में रॉकेट लर्निंग फाउंडेशन के वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक आलोक कुशवाहा एवं कार्यक्रम प्रबंधक अनिवेश चतुर्वेदी ने जिले के महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों व पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया।

## देवहरा के पेट्रोल पंप में लूट का प्रयास



▸ कर्मचारी पर किया जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले के ग्राम देवहरा में एक पेट्रोल पंप पर लूट का भयावह मामला सामने आया है। 24-25 सितंबर की रात को देवहरा चौकी अंतर्गत स्थित ओम अनाघ फिलिंग स्टेशन पर पेट्रोल पंप कर्मचारी प्रकाश चौधरी पर जानलेवा हमला किया गया।जानकारी के अनुसार दो आरोपी दोपहिया वाहन पर आए और पेट्रोल पंप पर तैनात प्रकाश चौधरी से विवाद करते हुए उसके पास रखे 2200 रुपये छीनने का प्रयास किया। आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद प्रकाश चौधरी जान बचाने के लिए भागे, लेकिन पेट्रोल पंप से लगभग 100 मीटर दूर एक घर के पास लहूलुहान हालत में गिर गया। उन्होंने मोबाइल से पेट्रोल पंप मालिक और पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### घायल को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया

घायल प्रकाश चौधरी को पहले जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें गंभीर स्थिति में शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। इस घटना ने इलाके में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं और स्थानीय लोगों में चिंता की लहर दौड़ गई है।

## स्वच्छता के प्रति लोगों को किया जागरूक



▸ बिजुरी में पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर सेवा पखवाड़े का आयोजन

**बिजुरी, नवभारत 25 सितंबर।** भाजपा के पितृपुरुष एवं अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चल रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत बिजुरी में स्वच्छता ही सेवा एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम नगर के वार्ड क्रमांक 13 स्थित कुरजानाथ मंदिर परिसर एवं वार्ड क्रमांक 2 स्थित रावण दहन ग्राउंड पर बिजुरी नगरपालिका परिषद एवं भाजपा मंडल बिजुरी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत 11 वर्ष पूर्व की थी। इसका उद्देश्य केवल सरकारी कार्यक्रम तक सीमित नहीं बल्कि जनता को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक कर इसे जन आंदोलन का रूप देना था। आज यह पहल सामूहिक भागीदारी, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रीय कर्तव्य का प्रतीक बन चुकी है।

### मंदिर परिसर में की गई साफ-सफाई

कार्यक्रम की शुरुआत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके अंत्योदय के सिद्धांतों को दोहराते हुए संकल्प लिया गया कि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाई जाएगी। इसके बाद मंत्री दिलीप जायसवाल, सीएमओ पवन साहू सहित उपस्थित लोगों ने मंदिर परिसर में सफाई कर नागरिकों को यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल प्रशासन की नहीं बल्कि हर नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है।

### विकसित भारत के निर्माण में सहयोग दें : साहू

मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर देशभर में चल रहा सेवा पखवाड़ा केवल स्वच्छता ही नहीं बल्कि सेवा, सहयोग और सामूहिक विकास की भावना को भी मजबूत करता है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि सभी लोग मिलकर स्वच्छ, स्वस्थ, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में सहयोग दें।

## किरर-बड़हर मार्ग की पुलिया क्षतिग्रस्त

**अनूपपुर, नवभारत ।** जिले के ग्राम पंचायत औढेरा अंतर्गत किरर से बड़हर मार्ग पर बनी तीन पुलिया भारी वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग पर आवाजाही करने वाले वाहनों के लिए दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। ग्राम पंचायत औढेरा की सरपंच श्यामबाई सिंह ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर पुलियों की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है। सरपंच ने बताया कि झिरियानाला और वानाछार नाला पर बनी पुलिया वर्षा काल के दौरान जंगल से आए तेज बरसाती पानी के बहाव में क्षतिग्रस्त हो गई हैं। रात के समय वाहनों के अचानक क्षतिग्रस्त पुलिया के पास पहुंचने से दुर्घटना का खतरा और भी बढ़ जाता है।

इस मार्ग से किरर, बड़हर, खोह, बदरचुई सहित कई गांवों के लोग रोजाना आवागमन करते हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले माह भारी बारिश के दौरान किरर गांव से लगे सजहा टोला के पास पुलिया पर बाढ़ का पानी बहने से एक कार बह गई थी, जिसमें एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई थी।




## रामघाट में श्रमदान से की गई साफ-सफाई

▸ सेवा पखवाड़ा के तहत चलाया गया स्वच्छता अभियान

**अमरकंटक,नवभारत 25 सितंबर।** नगर परिषद अमरकंटक द्वारा गुरुवार को सेवा स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत सुबह नर्मदा उत्तर तट रामघाट और पुराना मेला मैदान में स्वच्छता अभियान चलाकर नगर व अन्य लोगों को स्वच्छता का संदेश देकर जागरूक किया गया।

नगर परिषद सीएमओ ने बताया कि यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा। नगर परिषद द्वारा एक दिन एक, घंटा एक साथ स्वच्छता के लिए श्रमदान किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद की अध्यक्ष पार्वती सिंह उइके, उपाध्यक्ष एड. रज्जू सिंह नेताम, सीएमओ चैन सिंह परस्ते, कर्मचारी, साधु-संत, जनप्रतिनिधि और पत्रकार श्रवण उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### मैकल पार्क में किया गया पौधा रोपण

कई घंटों तक चले स्वच्छता अभियान के बाद मैकल पार्क में पौधा रोपण कार्यक्रम किया गया। इसमें मां के नाम एक पेड़ की भावना से नगर परिषद की पूर्व पार्षद बबीता सिंह और उनके पति मदन सिंह ने भी अनेक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चैन सिंह मंडलोई, गंगा सिंह, मनीष विश्वकर्मा, कुणाल पनारिया, बैजनाथ सिंह, राजकुमार सिंह, मेघा सिंह, सनत पांडेय, परमार सिंह, भगवान दास, गणेश यादव, दुर्गेश प्रसाद, उमेश मरावी आदि उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** | पुष्पराजगढ़ में जनजातीय उत्कर्ष अभियान के तहत आदि सेवा पर्व आयोजित

# जनजातीय समाज का विकास सरकार की प्राथमिकता : सांसद




**अनूपपुर, नवभारत 25 सितंबर।** जनजातीय उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जिले के पुष्पराजगढ़ में आदि सेवा पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद शहडोल संसदीय क्षेत्र हिमाद्री सिंह ने कहा कि आदि सेवा पर्व का उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जल जैसी मूलभूत सुविधाओं के माध्यम से जनजातीय समाज को मुख्यधारा से जोड़ना है।

उन्होंने कहा कि नारी स्वस्थ होगी तो परिवार और समाज भी स्वस्थ रहेगा। सांसद ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जनजातीय समाज के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ जन-जन तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे इन योजनाओं का लाभ लेने में सक्रिय भागीदारी करें।

### विकास की राह प्रशस्त हो रही है : विधायक

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने कहा कि शासन की योजनाओं के जरिए जनजातीय समाज के चहुंमुखी विकास की राह प्रशस्त हो रही है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्वयं यह तय करें कि उनके गांव में कौन-सी सुविधाओं की आवश्यकता है, ताकि आदि सेवा पर्व के माध्यम से उन जरूरतों को पूरा किया जा सके।

### लगातार शिविर आयोजित किए जा रहे है : कलेक्टर

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने बताया कि जिले के प्रत्येक जरूरतमंद तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए लगातार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नामांतरण, बंटवारा, नक्शा-तरमीम जैसी सेवाएँ भी इस अभियान के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस अवसर पर जिला योजना समिति के सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ हीरा सिंह श्याम ने भी विचार व्यक्त किए।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद् बिजुरी, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)**

Phone /Fax No. : 07658-264242, Email ID : cmobijuri@mpurban.gov.in

क्र.1203/न.पा./लो.नि./2025 | **ई-निविदा आमंत्रण सूचना** | बिजुरी, दिनांक : 19/09/2025

एतद् द्वारा मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार पंजीकृत फर्म को सूचित किया जाता है, कि निम्नलिखित कार्य की निकाय द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की गई है।

| क्र. | ई-निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र करने की अंतिम तिथि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | 2025_UAD_452890_1 | CONSTRUCTION OF C.C. ROAD IN LOHSARA THAKUR MEHRA HOUSE TO SHANKAR KEVAT HOUSE AT WARD NUMBER 14. | 07.63 लाख | 7,634.00 | 2,000.00 | 26-09-2025 (17:30 HRS) | 2nd Call |
| 2. | 2025_UAD_452893_1 | CONSTRUCTION OF CULVERT IN KAPILDHARA BEHINEDTO RKVV SCHOOL AT WARD NO.07. | 13.14 लाख | 9,856.00 | 2,000.00 | 06-10-2025 (17:30 HRS) | 2nd Call |
| 3. | 2025_UAD_452898_1 | CONSTRACTION OF C.C. ROAD. AND CULVERT IN MANISH PRAJAPATI HOUSE TO PANCHSEEL SCHOOL AT WARD NUMBER 08. | 04.12 लाख | 4,120.00 | 2,000.00 | 26-09-2025 (17:30 HRS) | 2nd Call |
| 4. | 2025_UAD_452901_1 | CONSTRUCTIONOF CC ROAD IN KENAPARA SHUKHLAL HOUSE TO GOMTI HOUSE AT WARD NUMBER 14. | 03.50 | 3,507.00 | 2,000.00 | 26-09-2025 (17:30 HRS) | 2nd Call |
| 5. | 2025_UAD_452914_1 | CONSTRUCTION OF SANSKRATIK BHAWAN AND LAYING PAVER BLOCK NEAR KORJA MANDIR AT WARD NO.13. | 28.08 | 21063.00 | 5,000.00 | 21-10-2025 (17:30 HRS) | - |
| 6. | 2025_UAD_452909_1 | CONSTRUCTION OF C.C. ROAD IN LOHSARA FROM RAMLAL KEVAT HOUSE TO BIHARI KEVAT HOUSE AT WARD NUMBER 14. | 07.96 | 7,965.00 | 2,000.00 | 26-09-2025 (17:30 HRS) | 2nd Call |
| 7. | 2025_UAD_452912_1 | CONSTRUCTION OF C.C. ROAD FROM DEELIP SEN HOUSE TO SHIV MANDIR AT WARD NO. 6. | 03.09 | 3,095.00 | 2,000.00 | 06-10-2025 (17:30 HRS) | - |

1. निविदा प्रस्तुत करने संबंधी समस्त जानकारी वेबसाईट https://mptenders.gov.in में निःशुल्क देखी व प्राप्त की जा सकती है। 2. बिड प्रस्तुतिकरण (ऑनलाईन) तिथि एवं अन्य जानकारी BID DATASHEET व KEY DATES में देखी जा सकती है। 3. निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन केवल वेबसाईट में किया जावेगा, समाचार पत्र में नहीं।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद् बिजुरी जिला-अनूपपुर (म.प्र.)**